Ei CARES

Hindi

# QUESTION PAPER

Maximum Marks:30

## PERIODIC TEST

| CLASS | SECTION | EXAM CODE |
|---|---|---|
| 6 | ROSE | 4203011 |
| 6 | TULIP | 4203001 |

SCHOOL

Him Academy Public School - Hira Nagar

1. There are 26 questions in this paper. 25 of these are with options and 1 is without options. All are compulsory.
2. The questions with options carry 1 mark each. The marks for questions without options have been mentioned beside it.
3. Please check your answers carefully before submitting the test. Once submitted, the answers cannot be changed.

## READING COMPREHENSION

निम्नलिखित कहानी को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक दिन विधाता बैठे थे। उनके आस-पास सेवक खड़े थे। अचानक विधाता बोले, "तुम सब पृथ्वी पर जाओ। वहाँ से मेरे लिए कोई अद्भुत उपहार लाओ। जो सबसे अच्छा उपहार लाएगा, वही मेरा प्रिय सेवक होगा।" [1]

पलक झपकते ही सभी सेवक पृथ्वी की ओर चल दिए और अपनी-अपनी समझ से बेशकीमती उपहार लेकर विधाता के पास पहुँचे। अनोखे हीरे-जवाहरात, कीमती धातुओं में तराशी गई मूर्तियाँ, दुर्लभ फल, फूल और भी न जाने क्या-क्या लाए; पर विधाता किसी भी उपहार को पाकर प्रसन्न न हुए। उनमें से अभी एक सेवक नहीं लौटा था। [2]

वह अंतिम सेवक भी आ गया और उसने झोले में से बड़ी-सी एक पुड़िया निकालकर विधाता को दी। विधाता ने कहा, "अरे! तुम यह क्या ले आए, यह तो मिट्टी...!" [3]

सेवक बोला, "भगवान! क्षमा करें। यह मिट्टी ही है। किसान इसमें बीज डालता है। इसी में लहलहाती फ़सलें उगती हैं। इसी से मनुष्य और पशु अपना पेट भरते हैं। पृथ्वीवासी इसी माटी के लिए हँसते-हँसते प्राण भी देते हैं।" [4]

विधाता ने मिट्टी को माथे से लगाया और बोले, "सचमुच तुम्हारा उपहार सर्वश्रेष्ठ है।" [5]

- जयप्रकाश भारती

शब्दार्थ -
विधाता - सृष्टि की रचना करनेवाला, बनानेवाला, रचनेवाला
अद्भुत - अनोखा
दुर्लभ - कठिनता से प्राप्त होने वाला
पृथ्वीवासी - पृथ्वी पर रहने वाले
सर्वश्रेष्ठ - सब में अच्छा, सर्वोत्तम
स्रोत (संपादित) सर्वश्रेष्ठ उपहार
: https://bharatdarshan.co.nz/magazine/article/child/997/sarvshreshtha-uphar.html)

Q: 1 विधाता के आस-पास सेवक किस भाव से खड़े थे?

1 भय के  2 क्षमा के  3 सेवा के  4 हास के

Q: 2 अद्भुत उपहार मँगवाने के लिए विधाता ने किस स्थान का चयन किया?

1 धरती का  2 पाताल का  3 ब्रह्मांड का  4 अंतरिक्ष का

Q: 3 कहानी में मुख्य रूप से क्या बताया गया है?

1 मिट्टी की महिमा
2 विधाता का सामर्थ्य
3 किसान का परिश्रम
4 सेवकों का सेवा भाव

Q: 4 कहानी के आधार पर कहा जा सकता है कि ______________________________।

1 अन्न उपजाने वाली मिट्टी के आगे सब फीका है
2 हीरे-जवाहरात सबसे अधिक मूल्यवान हैं
3 सेवक सबसे शक्तिशाली है
4 पशु बहुत परिश्रम करते हैं

Q: 5 विधाता की आज्ञा का पालन करने के लिए सभी सेवक तुरंत दौड़ पड़े क्योंकि ___________।

1 विधाता ने कम समय दिया था
2 वे जल्दी काम पूरा करना चाहते थे
3 वे विधाता का प्रिय सेवक बनना चाहते थे
4 विलंब होने पर मिलने वाले दंड से डर लगता था

End of Passage Related Questions

MCQ

Q: 6 घोड़ों ने दौड़ना छोड़ दिया है।

इस वाक्य में जातिवाचक संज्ञा कौन-सी है?

1 घोड़ों
2 दौड़ना
3 छोड़
4 दिया

Q: 7 अप्रैल से भी ज़्यादा धूप मई में होगी।

इस वाक्य में से व्यक्तिवाचक संज्ञा पहचानिए।

1 अप्रैल
2 ज़्यादा
3 धूप
4 होगी

Q: 8 निम्नलिखित विकल्पों में से भाववाचक संज्ञा पहचानिए।

1 सभ्य
2 सर्दी
3 सुंदर
4 कठिन

Q: 9 किस विकल्प में जातिवाचक संज्ञा का प्रयोग हुआ है?

1 शंकर खेल रहा है।
2 कृष्णा दौड़ रहा है।
3 लड़का गा रहा है।
4 गीता पढ़ रही है।

Q: 10 आगे चलकर _______ जी देश के राष्ट्रपिता कहलाए।

रिक्त स्थान के लिए व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 नेता 2 बापू 3 गांधी 4 महात्मा

Q: 11 कल हमारे घर _______ आईं।

रिक्त स्थान के लिए उचित भाववाचक संज्ञा चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 खुशियाँ 2 बिजली 3 बहन 4 कुर्सी

Q: 12 बचपन में नानी, सुनाती थी कहानी,
उनकी ___________ मीठी थी, वाणी!

खाली स्थान के लिए उचित संज्ञा शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 शहद-सी 2 सुंदर-सी 3 मधुर-सी 4 बड़ी-सी

Q: 13 हिंदी भाषा की लिपि पहचानिए।

1 रोमन 2 फ़ारसी 3 गुरुमुखी 4 देवनागरी

Q: 14 संजू ने सोहन से कहा, "सागर पर भाषण दो।"

वाक्य में कौन-सी भाषा का प्रयोग हो रहा है?

1 चित्रित 2 लिखित 3 मौखिक 4 सांकेतिक

Q: 15 रेडियो में भाषा के ___________ रूप का प्रयोग होता है।

रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 लिखित 2 मौखिक 3 चित्रात्मक 4 सांकेतिक

Q: 16 रेखा और शर्मिला मोबाइल पर एस.एम.एस से बातचीत कर रही हैं।

इस वाक्य में भाषा के किस रूप का प्रयोग हो रहा है?

1 मशीनी भाषा 2 लिखित भाषा 3 मौखिक भाषा 4 सांकेतिक भाषा

Q: 17 कौन-सी बोली बिहार में बोली जाती है?

1 ब्रज 2 मगही 3 अवधी 4 मारवाड़ी

Q: 18 नंदन किस विकल्प में लिखित भाषा का प्रयोग कर रहा है?

1 नंदन विज्ञान के महत्त्व पर भाषण दे रहा है।
2 नंदन क्रिकेट मैच की कमेंट्री सुन रहा है।
3 नंदन ब्लॉग लिख रहा है।
4 नंदन गीत गा रहा है।

Q: 19 निम्नलिखित में पुल्लिंग-स्त्रीलिंग का सही जोड़ा पहचानिए।

1 छात्र - छात्रा 2 कौआ - कौई 3 ससुर - ससुरी 4 ठाकुर - ठाकुरी

Q: 20 मिठाई पर मक्खी भिनभिना रही है।

रेखांकित शब्दों के वचन बदलने पर कौन-सा वाक्य सही होगा?

1 मिठाइयों पर मक्खियाँ भिनभिना रही हैं।
2 मीठाइयाँ पर मक्खीयाँ भिनभिना रही है।
3 मिठाईयों पर मक्खी भिनभिने रही है।
4 मीठों पर मक्खे भिनभिना रही हैं।

Q: 21 जंगल में मोर नाच रहा है।

इस वाक्य का वचन बदलने पर उचित विकल्प क्या होगा?

1 जंगल में मोर नाचे हैं।
2 जंगल में मोर नाचते हैं।
3 जंगल में मोर नाच रहे हैं।
4 जंगलों में मोर नाच रहा है।

Q: 22 अमृता के कपड़े धोबी के पास हैं।

वाक्य में रेखांकित शब्द का स्त्रीलिंग पहचानिए।

1 धोबिन 2 धोबिया 3 धोबनिया 4 धोबियाइन

Q: 23 मेरी भतीजी का नाम पुष्पा है।

वाक्य में रेखांकित शब्द का पुल्लिंग पहचानिए।

1 भाई 2 भगिनी 3 भानजा 4 भतीजा

Q: 24 गौतम को अनेक प्रकार की ____________ आती हैं।

रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 कला 2 कलाएँ 3 कलाए 4 कलाओं

Q: 25 कक्षा में ___________ बच्चों की प्रतीक्षा कर रही हैं।

रिक्त स्थान में उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 अध्यापिकाएँ 2 अध्यापिकाओं 3 अध्यापिकायों 4 अध्यापिकायाँ

PARAGRAPH WRITING

Q: 26 निम्नलिखित विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। [5]

मेरी/मेरे प्रिय अध्यापिका /अध्यापक
- प्रिय अध्यापिका का नाम
- पढ़ाने वाला विषय
- प्रिय लगने का कारण

End of Questions in Paper

**This page has no questions and is left blank intentionally.**

**This page has no questions and is left blank intentionally.**